# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



2 सर्वोच्च स्तर पर रक्षा निर्यात : मंत्रालय


4 क्रूड ऑयल की वजह से भड़की महंगाई


9 30 जून तक पेट्रोकेमिकल्स पर ड्यूटी माफ



11 चेपॉक में पंजाब और सीएसके के बीच अहम मुकाबला

# मैं 15 दिन बंगाल में रहूंगा : शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री ने नंदीग्राम में किया रोड शो

**2026 विधानसभा चुनाव पश्चिम बंगाल में**



**नंदीग्राम, 02 अप्रैल. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से ठीक पहले राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है. चुनाव में सत्तारूढ़ टीएमसी और मुख्य विपक्षी दल बीजेपी के बीच सीधे टक्कर देखने को मिली रही है. इसी क्रम में शुभेंदु अधिकारी के नामांकन में नंदीग्राम पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ललकारते हुए बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने घोषणा की कि वह आगामी 15 दिनों तक लगातार पश्चिम बंगाल में ही रहकर चुनावी कमान संभालेंगे.**

गुरुवार को अमित शाह कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बंगाल चुनाव में 15 दिन तक बंगाल में ही रहने वाला हूं. मैं यहां खासतौर पर शुवेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आया हूं. शुभेंदु की जीत बंगाल में परिवर्तन की नींव रखेगी. अमित शाह ने ममता बनर्जी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि पिछली बार दीदी नंदीग्राम में हार गई थीं और इस बार वह भवानीपुर के साथ-साथ पूरे बंगाल को खो देंगी. उन्होंने कहा कि शुभेंदु अधिकारी का नामांकन बंगाल में टीएमसी के पतन की शुरुआत है. उन्होंने जोर देकर कहा कि नंदीग्राम की जनता इस बार फिर से इतिहास दोहराएगी और ममता बनर्जी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मैंने पूरे बंगाल का दौरा किया है और जहां भी जाता हूं, वहां एक ही आवाज गूंज रही है- ममता बनर्जी को बाय-बाय कर दो.

## प. बंगाल का चुनाव अब धर्म युद्ध

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने बांकुरा में रैली को किया संबोधित




**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 अप्रैल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादन ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के सलतोरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार चांदना बारी, छतना क्षेत्र के प्रत्याशी सत्यनारायण मुखोपाध्याय, बांकुरा के उम्मीदवार नीलाद्री शेखर दाना, बरजोरा क्षेत्र से प्रत्याशी बिलेश्वर सिंघा एवं ओंडा क्षेत्र के प्रत्याशी अमरनाथ शाखा के संयुक्त नामांकन रैली को संबोधित कर नामांकन-पत्र जमा कराए. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सीएम ममता बैनर्जी को जमकर आड़े हाथों लिया. उन्होंने कहा कि बंगाल का चुनाव केवल विधानसभा चुनाव नहीं बल्कि धर्म युद्ध है.

( शेष पेज 9 पर )

## आईपैक के तीन दफ्तरों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल.** पश्चिम बंगाल में वोटिंग से पहले एक बार फिर से आईपैक के कई ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है. बेंगलुरु, हैदराबाद और दिल्ली में छापा पड़ा. इससे पहले कोलकाता स्थित ऑफिस में ईडी की छापेमारी हुई थी. छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी वहां पहुंच गई थीं. इस दौरान खूब सियासी बवाल हुआ था. दरअसल, ईडी की यह छापेमारी कोयले की तस्करी को लेकर चल रही है. आईपैक पश्चिम बंगाल में टीएमसी के लिए चुनाव प्रबंधन का काम देख रही है.


आर्टेमिस 2 मिशन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर ले जाएगा।

## अफसरों को बंधक बनाने पर सुको सख्त

**मुझसे सारी शक्तियां छीन ली गईं : ममता बनर्जी**

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल.** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई. इसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा की घटना से खुद को अलग कर लिया. उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था अब उनके हाथों में नहीं है और अधिकारियों की सुरक्षा करने में विफल रहने के लिए चुनाव आयोग को दोषी ठहराया.

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, मुझे नहीं पता कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है. मुझे किसी ने सूचित नहीं किया. प्रशासन मेरे हाथ में नहीं है. राज्य में कानून व्यवस्था चुनाव आयोग के हाथ में है.

> **एनआईए करेगी मामले की जांच**
>
> सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद गुरुवार देर शाम केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) ने मामला एनआईए को सौंपने का फैसला किया. उधर मामले में 10 एफआईआर दर्ज की और 19 लोगों की गिरफ्तारी का दावा किया.

### एक नजर में



**167 करोड़ में बिकी आईकॉनिक पेंटिंग**

**नई दिल्ली.** भारतीय कला जगत में एक एतिहासिक रिकॉर्ड बना है. मशहूर चित्रकार राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 'यशोदा और कृष्ण' अब तक की सबसे महंगी भारतीय पेंटिंग बन गई है, जिसे 167.2 करोड़ रुपये में खरीदा गया. यह पेंटिंग मुंबई में हुई सैफ्रनआर्ट की नीलामी में बेची गई, जहां करीब सात मिनट तक चली तेज बोली के बाद यह रिकॉर्ड कीमत पर पहुंची. इससे पहले सबसे महंगी भारतीय पेंटिंग का रिकॉर्ड एम एफ हुसैन की ग्राम यात्रा के नाम था, जो 118 करोड़ रुपये में बिकी थी. इस ऐतिहासिक पेंटिंग को सीरम इंस्टीट्यूट के संस्थापक साइरस एस पूनावाला ने खरीदा है. उन्होंने इसे सिर्फ निजी संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्रीय धरोहर बताया है.

**बजट सत्र के दूसरे सेशन की कार्यवाही पूरी**

**नई दिल्ली.** संसद में बजट सत्र के दूसरे सेशन की कार्यवाही गुरुवार को पूरी हुई. सरकार ने मौजूदा सत्र को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है. राज्यसभा और लोकसभा अब 13 दिन के ब्रेक के बाद 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे फिर से बैठेंगी. 3 दिन चलने वाले इस सेशन में महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी. दरअसल, सरकार लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है. वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं.

## नीतीश को मिलेगी जेड सुरक्षा

### गृह विभाग की विशेष शाखा का आदेश जारी



**पटना,02 अप्रैल (वार्ता) बिहार सरकार ने यह निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में नई भूमिका संभालने के बाद जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी.**

गृह विभाग की विशेष शाखा से जारी आदेश के अनुसार, मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भी नीतीश को वीआईपी सुरक्षा का सर्वोच्च स्तर मिलता रहेगा. यह निर्णय उनके राज्यसभा जाने की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा के बाद लिया है. अधिकारिक सूचना में कहा गया है कि वर्तमान मुख्यमंत्री होने के नाते नीतीश को बिहार स्पेशल सिक्योरिटी एक्ट, 2000 के तहत उच्च स्तरीय सुरक्षा का अधिकार है. इसमें यह भी पुष्टि की गई है कि 16 मार्च को राज्यसभा के लिए उनके चुनाव और संभावित इस्तीफे को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा में निरंतरता बनाए रखी जाएगी. अधिसूचना में कहा गया है कि नीतीश की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई, जिसके बाद उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का निर्णय लिया गया.

## इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने लॉन्च की नई वेबसाइट

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल.** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने गुरुवार को नई वेबसाइट लॉन्च की. इस वेबसाइट को एआई असिस्टेंट 'कर साथी' के साथ लॉन्च किया है. इससे टैक्स भरना पहले के मुकाबले आसान हो जाएगा. इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर की गई एक पोस्ट में कहा गया कि नई इनकम टैक्स वेबसाइट शुरू हो चुकी है. यह नेविगेट करने में आसान और उपयोग करने में तेज है. इसमें इनकम टैक्स से जुड़ी सारी जानकारी एक ही स्थान पर मौजूद है. पोस्ट में आगे बताया गया कि इसमें एआई असिस्टेंट 'कर साथी' दिया हुआ है, जो कि डायरेक्ट टैक्स भरने की आपकी यात्रा को आसान बनाएगा.

## ईरान की नौसेना पूरी तरह हो चुकी है खत्म : ट्रंप

- राष्ट्रपति ट्रंप ने दिया देश के नाम संबोधन
- ईरान ने समझौता नहीं किया तो पाषाण युग में पहुंचा देंगे



**वॉशिंगटन, 02 अप्रैल (वार्ता) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के मुख्य रणनीतिक लक्ष्य लगभग पूरे होने के करीब हैं.**

राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा जैसा कि मैंने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी की घोषणा करते समय कहा था. हमारे लक्ष्य बहुत सरल और स्पष्ट हैं. हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं. इसका मतलब है ईरान की नौसेना को खत्म करना - जो अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है. उनकी वायु सेना और मिसाइल कार्यक्रम को ऐसे स्तर पर नुकसान पहुंचाना जो पहले कभी नहीं देखा गया और उनके रक्षा औद्योगिक आधार को पूरी तरह से तबाह कर देना. हमने यह सब कर लिया है... मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मुख्य रणनीतिक लक्ष्य अब पूरे होने के करीब हैं. उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपने हमले और तेज करेगा, और उन्होंने उस देश को पाषाण युग में वापस धकेलने की धमकी भी दी. बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिकी नागरिक ईंधन की बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे हैं और गैस की कीमतें 2022 के बाद पहली बार चार डॉलर प्रति गैलन के पार पहुंच गई हैं.

> **ईरान की दो टूक- अगर अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो कोई जिंदा नहीं बचेगा**
>
> **तेहरान, 02 अप्रैल .** अमेरिका-इजरायल के हमलों के 34वें दिन ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा. ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखने के निर्देश दिए हैं .सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी वीडियो में हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचेगा.

## होर्मुज संकट का हल बातचीत से निकलेगा

- ऑनलाइन बैठक में भारत ने रखी अपनी बात
- ब्रिटेन की पहल पर बुलाई बैठक में 60 देश हुए शामिल

**नई दिल्ली, 02 अप्रैल. ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया. इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए. बैठक में मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं.**

रिपोर्ट्स के मुताबिक होर्मुज संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी कर्मचारी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे.

भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है. भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिए रास्ता निकाले. इससे पहले ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा. यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी.

> खाड़ी सहयोग परिषद के महासचिव जासिम अल-बुदैवी ने साफ कहा कि खाड़ी देश जंग नहीं चाहते और वे शांति के पक्ष में हैं. उन्होंने कहा कि सभी देश स्थिरता चाहते हैं और बातचीत ही समस्याओं का सबसे बेहतर समाधान है. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तनाव बढ़ता रहा तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं. चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि जब तक ईरान की जंग जारी रह.गी, तब तक होर्मुज स्ट्रेट सुरक्षित नहीं रह सकता. उन्होंने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से बातचीत में जल्द से जल्द सीजफायर की जरूरत बताई. चीन का मानना है कि इस संघर्ष का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है.

## इजरायल का मृत्युदंड कानून खतरनाक

**अबू धाबी, 2 अप्रैल (वार्ता)** अरब और मुस्लिम देशों के एक शक्तिशाली गुट ने इजरायल के नवीनतम कानूनी कदम की तीखी और एकजुट होकर निंदा की है. उन्होंने चेतावनी दी है कि अधिकृत पश्चिम तट में मृत्युदंड की शुरुआत बेहद गंभीर और खतरनाक है, जिसके क्षेत्रीय स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कानून पर दूरगामी परिणाम होंगे. संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, तुर्की, मिस्र, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और कतर के विदेश मंत्रियों ने एक कड़े शब्दों वाले संयुक्त बयान में इजरायली संसद नेसेट के पारित कानून की आलोचना की.

## गलत हरकत पर मिलेगा करारा जवाब

### सैनिक सम्मान सम्मेलन में राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को चेतावनी




**नई दिल्ली, 02 अप्रैल. केरल में गुरुवार को आयोजित किए गए सैनिक सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में ईंधन को लेकर कोई संकट नहीं है. देश में तेल की आपूर्ति बनी रहे इसके लिए भारतीय नौसेना के जहाज, होर्मुज जलडमरूमध्य में देश के टैंकरों को सुरक्षित रूप से एस्कॉर्ट (सुरक्षा घेरा) प्रदान कर रहे हैं.**

इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि, मौजूदा हालात में हमारा पड़ोसी कोई भी दुस्साहस कर सकता है. अगर वह ऐसा करता है, तो भारत की कार्रवाई अभूतपूर्व और निर्णायक होगी. उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है. उन्होंने केरल में चुनाव की तैयारी के बीच विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा. केरल के बहुत से लोग इन देशों में रहते हैं और काम करते हैं, लेकिन हमें बिल्कुल भी चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अपने भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और हिफाजत के लिए जरूरी कदम उठाने में हम बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे. हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं.

28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके चलते मध्य-पूर्व में पूरी तरह से युद्ध छिड़ा है.

**वीडियो संदेश** क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस और कर्मयोगी साधना सप्ताह में पीएम मोदी ने कहा

## 'नागरिक देवो भव:' से बदलेगा गवर्नेंस का स्वरूप



**नई दिल्ली, 02 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस पर 'कर्मयोगी साधना सप्ताह' को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया. उन्होंने पब्लिक सर्विस को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित बनाने पर जोर दिया.**

पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान शासन व्यवस्था का मूल सिद्धांत 'नागरिक देवो भव' है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सर्वोपरि रखते हुए सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना है. उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ गवर्नेंस को नई पहचान दी जा रही है. उन्होंने कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह हर सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने का काम कर रहा है. iGOT मिशन कर्मयोगी को भी उन्होंने इस दिशा में अहम कदम बताया.प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत आकांक्षी है, जहां हर नागरिक के अपने सपने और लक्ष्य हैं. उन्होंने कहा कि इन सपनों को पूरा करने में सहयोग देना हम सभी की जिम्मेदारी है. पीएम मोदी ने कहा कि हर निर्णय से पहले कर्तव्य पर विचार करने से उसका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है. पद के बजाय कार्य और कर्तव्य भावना को प्राथमिकता देना जरूरी है.

कहा कि बेहतर प्रशासक वही होगा, जिसे तकनीक और डेटा की समझ हो. उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव का जिक्र करते हुए निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण पर जोर दिया.

> **समन्वय और 'होल ऑफ गवर्नमेंट' अप्रोच पर बल**
>
> पीएम मोदी ने कहा कि देश की सफलता राज्यों की सामूहिक सफलता पर निर्भर करती है. विभागों के बीच संवादहीनता खत्म कर बेहतर समन्वय और साझा समझ के साथ काम करना होगा. उन्होंने कहा कि आम नागरिक के लिए स्थानीय सरकारी कार्यालय ही सरकार का चेहरा होता है, इसलिए अधिकारियों का व्यवहार और कार्यशैली ही लोकतंत्र में जनता के भरोसे को मजबूत बनाती है.

### गुस्ताखी माफ




## आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च




**नासा ने सफलतापूर्वक किया प्रक्षेपित**

**वाशिंगटन, 02 अप्रैल (वार्ता) अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपना मानवयुक्त चंद्र मिशन आर्टेमिस-II को सफलतापूर्वक केप कैनावेरल से प्रक्षेपित कर दिया है.**

चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ ओरियन अंतरिक्ष यान अपने लक्ष्य की ओर रवाना हो गया है. प्रक्षेपण के बाद रॉकेट का पहला चरण ओरियन से सफलतापूर्वक अलग हो गया है तथा ओरियन पृथ्वी की कक्षा में भी स्थापित हो गया है. वह पृथ्वी की कक्षा में 24 घंटे तक चक्कर लगाने के बाद आगे की यात्रा के लिए निकलेगा.

यह आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत नासा का पहला मानवयुक्त मिशन है. चार सदस्यीय दल में नासा के अंतरिक्ष यात्री रीड वाइसमैन, विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच शामिल हैं. साथ ही कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन भी दल का हिस्सा हैं. आर्टेमिस मिशन की योजना तीन चरणों में बनाई गई है. बिना चालक दल वाली पहली उड़ान 2022 के अंत में हुई थी.